## Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur

**Answer Script Details**
**Barcode** 11471722

**Roll No.** 24029000612
**Total Mark** 50/75.00

**Exam** MA-III_ODD_EXAM_NOV_2025
**Subject** A010910T - Sahitya Evam Cinema (Elective)

**Question wise Mark Summary**

| Q.No | Mark | Q.No | Mark | Q.No | Mark | Q.No | Mark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1A | 4/5 | 9B | 0/7 | | | | |
| 1B | 3/5 | | | | | | |
| 1C | 3/5 | | | | | | |
| 1D | 3/5 | | | | | | |
| 1E | 3/5 | | | | | | |
| 1F | 3/5 | | | | | | |
| 1G | 3/5 | | | | | | |
| 1H | 3/5 | | | | | | |
| 1I | 3/5 | | | | | | |
| 2 | 0/15 | | | | | | |
| 3 | 0/15 | | | | | | |
| 4 | 0/15 | | | | | | |
| 5 | 12/15 | | | | | | |
| 6 | 10/15 | | | | | | |
| 7 | 0/15 | | | | | | |
| 8 | 0/15 | | | | | | |
| 9A | 0/7 | | | | | | |

# Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University
## Kanpur, Uttar Pradesh

**PART-I**

Date of Exam: 19-11-25 Shift: ______ Room No.: 05

Paper Code: A010910T Subject: Hindi Year/Sem.: 3rd

Name of Candidate: SAHASTRANSHU MISHRA

Roll No.: 2 4 0 2 9 0 0 0 6 1 1 2

COE Facsimile

Signature of Invigilator

Signature of Candidate: सहस्रांशु मिश्रा

**PART-II**

MARKS OBTAINED

| Q. | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | | | | | | | | | | |
| (b) | | | | | | | | | | |
| (c) | | | | | | | | | | |
| (d) | | | | | | | | | | |
| (e) | | | | | | | | | | |
| (f) | | | | | | | | | | |
| (g) | | | | | | | | | | |
| (h) | | | | | | | | | | |
| (i) | | | | | | | | | | |
| (j) | | | | | | | | | | |
| Total | | | | | | | | | | |

Total Marks in Figures | Max. Marks

Total Marks in Words

A O 1 0 9 1 0 T

Paper Code

Signature of Evaluator

**PART-III**

Course: M.A.

Session: 2025-26 Year/Semester: 3rd

Subject: Hindi

Paper Code: A 0 1 0 9 1 0 T

Exam Date: 1 9 1 1 2 0 2 5

Name of Candidate: SAHASTRANSHU MISHRA

Father's Name: KAMLESH KUMAR MISHRA

महाविद्यालय का कोड College Code: K N O L

परीक्षा केंद्र का कोड Exam Centre Code: K N O L

परीक्षा का प्रकार Type of Exam: नियमित Regular (●) / भूतपूर्व परीक्षार्थी Ex. Student / व्यक्तिगत Private / बैक पेपर परीक्षा Back paper Exam

ANSWER BOOKLET NO.

11471722

A 0 1 0 9 1 0 T

Paper Code

**PART-IV**

नामांकन संख्या Enrollment Number: C S J M A 2 4 0 0 0 1 1 9 5 6 8

परीक्षार्थी अनुक्रमांक संख्या Candidate's Roll Number: 2 4 0 2 9 0 0 0 6 1 2

पेपर कोड Paper Code: A 0 1 0 9 1 0 T

Signature of Candidate: सहस्रांशु मिश्रा

Signature of Invigilator

C S Facsimile

COE Facsimile

नोट : 1. परीक्षार्थी को निर्देशित किया जाता है कि आवरण पन्ने के पृष्ठ भाग पर अंकित सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ें।
2. बॉक्स में भरी जाने वाली प्रविष्टियाँ बायीं तरफ से शुरू की जायें। 3. गोलों को काले या नीले बॉलपेन से भरा जायें।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATE FOR FILLING PART-I

1. Read the instructions carefully given on the answer script and admit card.
2. Write Date of Exam, Shift, Paper Code & Name of Subject Correctly.
3. Write Name & Roll No. Correctly.
4. Write Semester & Branch Correctly.

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATE FOR FILLING PART-III

1. Use blue or black ball point pen for writing alphabets & numerals in ☐ Boxes.
2. Carefully study the example before you start marking.
3. As shown in the example below blacken the circles completely.

| Correct method | Incorrect method |
|---|---|
| ① ● ③ ④ | ✓ ✗ ◉ ● |

4. Make no Stray marks on this sheet.
5. **DO NOT WRITE OR MARK ON THE BAR CODE.**

## परीक्षार्थी के लिए निर्देश

1. प्रवेश पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पर दिये गये निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
2. कवर पृष्ठ के दूसरी तरफ कुछ न लिखें।
3. उत्तर पुस्तिका के पृष्ठों पर दोनों तरफ लिखें।
4. प्रश्न पत्र पर अपने अनुक्रमांक के अतिरिक्त कुछ न लिखें।
5. प्रश्न पत्र कोड एवं प्रश्न पत्र कोड सावधानी पूर्वक लिखें।
6. अपनी स्थिति स्पष्ट लिखें।
7. उत्तर पुस्तिका के पृष्ठों की संख्या देखें। अगर उत्तर पुस्तिका में पृष्ठ (1–24) से कम है या फटे हुए है, तो परीक्षा शुरू होने के पूर्व दूसरी उत्तर पुस्तिका ले लें।
8. प्रश्नपत्र को देख, यदि प्रश्नपत्र के विषय कोड, विषय का नाम तथा प्रश्न में कोई त्रुटि है तो उसके परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट के अन्दर कक्ष निरीक्षक को तत्काल सूचित करें, उसके बाद विश्वविद्यालय द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी।
9. प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिये पैंसिल का प्रयोग न करें।
10. B कॉपी या अतिरिक्त ग्राफ नहीं दिया जायेगा।

## IN ORDER TO AVOID UFM (UNFAIR MEANS) :

1. The Roll No. and Answer Book no. found elsewhere or any other symbol found in the answer book will be treated as unfair means.
2. Any tempering of Bar Code and Booklet no shall be treated as Unfair Means.
3. Do Not bring the materials like slip of paper/mobile/digital diaries/ study material/ revision notes in examination hall. Possession of the mobiles/ digital diaries/ electronic watch and any other electronic gadget except memory less scientific calculator shall be considered as UFM case.
4. Do not keep or paste currency note in answer script it shall be consider as UFM.

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATE

1. Read the instructions carefully given on the Question Paper, Admit Card & Answer Script.
2. Do not write anything on back side of the cover page.
3. Write on both sides of pages of answer book.
4. Do not write anything on question paper except Roll Number.
5. Write Paper Code & Question Paper Id carefully.
6. CHECK the number of pages (1-32) or any other kind of damage in your answer script, if found than change the answer script immediately before the commencement of examination.
7. CHECK the Question Paper for any kind of discrepancy e.g. Subject Code, Subject Name and Question of the Question Paper during first THIRTY MINUTES of the commencement of the exam, so that it can be corrected in TIME. After that no corrections shall be entertained by the university.
8. Do not use pencil for answering the question.
9. Write status correctly e.g. those appearing in carry over paper should fill in status as Carry Over. Those appearing as Ex Students should fill in status as ex.
10. No supplementary answer book & graph paper will be provided.

## अनुचित साधन से बचने हेतु:

1. उत्तर पुस्तिका के निर्देशित स्थान को छोड़कर अनुक्रमांक एवं उत्तरपुस्तिका का क्रमांक कहीं और न लिखे तथा कोई भी चिन्ह न बनायें क्योंकि यह अनुचित साधन प्रयोग की परिधि में आता है।
2. उत्तर पुस्तिका के बारकोड अथवा उत्तर पुस्तिका संख्या पर छेड़ करने पर अनुचित साधन प्रयोग माना जायेगा।
3. परीक्षा कक्ष में निम्न वस्तुएं साथ न लाये, जैसे लिखे हुए कागज के टुकड़े, मोबाईल, डिजिटल डायरी, कॉपी, पुस्तक यह सभी वस्तुएं जो अनुचित साधन के अन्तर्गत आती है। केवल संबंधित प्रश्नपत्र में ही मेमोरी लैस साइंटफिक कैल्कुलेटर ले जाने की अनुमन्यता होगी।
4. उत्तर पुस्तिकाओं में रूपये न रखें न ही उत्तर पुस्तिका में चिपकायें। ऐसा करना अनुचित साधन प्रयोग की परिधि में आता है।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATE FOR FILLING PART-IV

1. Use blue or black ball point pen for writing alphabets & numberals in ☐ Boxes.
2. Use blue or black ball point pen for filling the circles.

| | 1 | 8 | 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 | 6 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 1 | ● | 1 | ● | 1 | 1 | 1 | 1 | ● | 1 | 1 |
| 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | ● | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | ● | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | ● | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| 5 | 5 | 5 | ● | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | 6 | ● | 6 |
| 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 |
| 8 | 8 | ● | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 8 |
| 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | ● |

**Note - If your Roll No. is of 10 digits. Please leave first three column**

Paper Code

01

# खण्ड-अ

## 1 (क)

## साहित्य के हेतु पर संक्षिप्त टिप्पणी -

कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी का कथन है —

" साहित्य का कार्य केवल मनोरंजन करना नहीं है। वह तो भाटों और मदारियों, मसखरों और विदूषकों का है। साहित्य का कार्य मानव में चेतना का संचार करना है, सद्भावों को जाग्रत करना है - कम से कम उद्देश्य तो यही है। "

— मुंशी प्रेमचंद

स्पष्ट है कि साहित्य के सृजन का मूल उद्देश्य समाज और जन चेतना के प्रतिबिम्ब उपस्थित करना है। साहित्य तो वह है जो " सबका हित करे। "

साहित्य के सृजन का मूल तो यही है। साहित्य के माध्यम से युवकों को प्रेरणा मिले, समाज को राह मिले। ऐसा साहित्य श्रेष्ठ माना

Paper Code

02

जाएगा जो प्रतिकूल परिस्थितियों में सबल और मनोबल बढ़ाए।

राष्ट्र के नागरिकों को क्रांति के सोपानों का परिचय दे और यथासमय "परिवर्तन और परिमार्जन के गीत गाये।"

साहित्य मानव की चित्तवृत्तियों का संग्रह है; इसका हेतु स्थिर और श्रेष्ठ हो; समाज का कल्याण और स्वरूप इसका समानांतर साथी है।

"सबका हित करने वाला साहित्य है।"

Do Not Write anything in this Portion

Paper Code

03

# (ख)

## 'एनीमेशन' फिल्म का सोदाहरण परिचय –

एनीमेशन फिल्मों से तात्पर्य ऐसी फिल्मों से है। जो कम्प्यूटर एवं विचारों की उपज से आकार एवं स्वरूप प्राप्त करती हैं।

एनीमेशन फिल्म के प्रमुख तत्व / गुण–

- काल्पनिक पात्र
- कम्प्यूटर की निर्मिति
- अवास्तविक रूप-रंग एवं सज्जा

एनीमेशन का प्रयोग 1990 के दशक से भली भाँति होने लगा था कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं –

① स्टुअर्ट लिटिल – चूहे की कहानी

② लार्ड गनेशा – बाल विषयक धार्मिक फिल्म

③ अवतार – हॉलीवुड की बहुस्तरीय मेगा बजट फिल्म

'एनीमेशन' के माध्यम से 'कार्टून' का भी निर्माण होता है, जो बच्चों में विशेष प्रिय होते हैं।

Paper Code



Do Not Write anything in this Portion

## (ग)

## 'टेलीफिल्मों' का उद्देश्य-

'टेलीफिल्मों' का प्रसंग भारतीय सिनेमा के लिए एक परिवर्तनकारी मोड़ बतलाता है। फिल्मों के प्रारंभिक दौर में जब समाज की पृष्ठभूमि को सिनेमा में उभारा गया तो टेलीफिल्मों ने उन दूरियों को घटा दिया जो मनोरंजन में बाधक थी। टेलीफिल्मों ने अधोलिखित कार्य किये -

⇒ स्थान की दूरी का न्यूनीकरण

⇒ केबल और चैनल का विस्तार

⇒ शिक्षा एवं जागरुकता का प्रसार

⇒ ज्ञानवर्धक सामग्री का चुनाव

⇒ समाज जागरुकता का कार्य

वास्तव में टेलीफिल्मों से दूरदराज के ग्रामीण - पहाड़ी - रेगिस्तानी इलाकों को मुख्य धारा से जोड़कर सामाजिक समावेशन को सरल एवं बेहतर बनाया है।

# (घ)

# फिल्म में 'कला निर्देशक' के दायित्व –

फिल्म एक पूरी टीम के प्रयासों का संचित परिणाम होती है। सभी अपनी-अपनी भूमिका का यथास्थान निर्वहन करते हैं। 'कला निर्देशक' या जिसे 'आर्ट डायरेक्टर' भी कहते हैं- के कार्य/दायित्व इस प्रकार हैं –

⇒ फिल्म के निर्देशन में कला पक्षों के संतुलन पर ठहराव

⇒ अभिनय के दौरान कलात्मक परिवेश की स्थिति का मोल-तोल

⇒ नृत्य-भावों के सही प्रदर्शन की [illegible]

⇒ कलात्मक पुट के कलेवर का सरस एवं रुचिपूर्ण दर्शन का प्रयत्न

⇒ निर्देशक के चिन्तन को आर्ट के माध्यम से सहयोग एवं बल प्रदान करना।

Do Not Write anything in this Portion

(ड़)

## 'स्टंटमैन' का फिल्म निर्माण में अवदान-

'स्टंटमैन' फिल्म निर्माण का एक महत्वपूर्ण अंग है। खासकर जब बात 'मसाला फिल्मों' की हो जिनमें रोमांच के लिए ऐसे दृश्यों का फिल्मांकन होना हो जो खतरों से भरे होते हैं। तब वहाँ पर अभिनेता की जगह जिन व्यक्तियों को प्रयोग में लाया जाता है — 'स्टंटमैन' कहलाते हैं।

स्टंटमैन के कार्य :—

⇒ 'अभिनेता' का स्थानापन्न बनकर जोखिम भरे दृश्य फिल्माना।

⇒ 'अभिनेता' की 'गौड इमेज' के निर्माण हेतु बुरी तरह से पिटने का अभिनय करना।

07

⇒ रोमांच एवं जोखिम के दृश्यों में दर्शकों को भावनात्मक / मानसिक उद्दीपन देना

⇒ 'मसाला फिल्म' की सफलता को सरल बनाना

▲ आज के सफल अभिनेता 'विक्की कौशल' के पिता 'शाम कौशल' भी स्टंटमैन ही थे।

▲ धूम-3 में कैटरीना कैफ के गाने 'कमली-कमली' के कुछ कठिन स्टंटमैन / स्टंटवुमेन ने शूट किये थे।

Do Not Write anything in this Portion



# (च)

# प्रेमचंद की रचनाएं जिनपर फिल्म बनी

भारतीय सिनेमा जब अपनी युवावस्था को ग्रहण कर रहा था; तब प्रेमचंद जैसे उपन्यासकार एवं कहानीकारों का सहयोग इसे प्राप्त हुआ। प्रेमचंद की कृतियाँ क्यों इतना अधिक सिनेमाजगत को आकर्षित कर पायी, क्योंकि —

⇒ लोक जीवन से जुड़ी थी।

⇒ भारतीय समाज का वास्तविक चित्रण था

⇒ मर्मस्पर्शी एवं वेदना से पूर्ण थी

⇒ शिल्प एवं कथ्य से सुगठित थीं।

हजारी प्रसाद द्विवेदी जी ने तो प्रेमचंद को उत्तर-भारत का समर्थ परिचायक कहा है। जिन रचनाओं पर

फिल्मों का निर्माण किया गया है, वे इस प्रकार हैं—

1- सेवासदन
2- रंगभूमि
} उपन्यास

3- शतरंज के खिलाड़ी
4- सदगति
5- बड़े घर की बेटी
} कहानियाँ

प्रेमचंद की रचनाओं की विशेषता ही फिल्मकारों को अपनी ओर खींच लायी और सार्थक फिल्मों का निर्माण हुआ।

Do Not Write anything in this Portion

# (द)

# 'स्त्री अस्मिता' पर आधारित 5 फिल्में —

साहित्य की भांति सिनेमा में भी नारी अस्मिता और गरिमा को दर्शाया गया है; जिसमें प्रमुख 5 फिल्में इस प्रकार हैं —

1 **पद्मावत —**

चित्तौड़ की महारानी पद्मावती के लिये रावल रतन सिंह और खिलजी के सबंध पर आधारित यह फिल्म श्रेष्ठ निर्माण की गया है; नारी के सम्मान की।

2 **क्वीन —**

कंगना रनौत पर फिल्मायी गयी ये मूवी दर्शकों के समक्ष सीधी-साधी स्त्री पर होने वाले दबाव का चित्रण करते हुए नारी को सम्मान और स्वाभिमानी होकर जीवन का चित्रण है।

Do Not Write anything in this Portion

3 **थप्पड़** – तापसी पन्नू की यह फिल्म दैनिक जीवन में महिलाओं को पति द्वारा दी जाने वाली शारीरिक यातना के कारण कष्ट का चित्रण है, जहाँ वह सम्मान को चुनती है।

4 **छपाक** – लक्ष्मी [illegible] की महिला के जीवन पर आधारित सत्य घटना और विषय का वर्णन है, तेजाब पीड़िता की लड़ाई का।

5 **इंग्लिश-विंग्लिश** –

श्री देवी के माध्यम से मध्य आयु गृहिणी महिलाओं के मूल्य एवं अस्मिता का चित्रण है।

Do Not Write anything in this Portion

Paper Code

12

# (अ)

# साहित्य की परिभाषा एवं समीक्षा-

" साहित्य के दो कार्य होते हैं-
i- मानव जीवन की व्याख्या करना
ii- मानव जीवन में परिवर्तन लाना;
पिछला वाला सच्चा कर्म है।"

—डॉ० इन्द्रनाथ मदान

साहित्य समाज का दर्पण होता है; समाज की सभी भावनाओं का प्रकटीकरण एवं संवेदना के स्वरों का आलाप अधिक श्रेयस्कर माना जाएगा।

"साहित्य को देवता" की उपाधि यूँ ही नहीं दी जाती। जिस प्रकार देव मनुष्यों के जीवन में शुभता का प्रसार करते हैं; अमंगलों से रक्षा करते हैं; उसी प्रकार साहित्य भी मानव एवं समाज के लिए मंगलकारी होता है।

Paper Code



डॉ० रामविलास शर्मा लिखते हैं—

" शैलीकार होना सरल है ; साहित्यकार बन पाना कठिन है। भाषा लिखना आये या ना आये परंतु वेदना लिखना अवश्य आना चाहिए।"

(झ)

फिल्मों में अभिनय का महत्व -

जिस प्रकार साहित्य में शब्दों एवं वाक्यों से रस की उत्पत्ति होती है, इसी प्रकार से फिल्मों में अभिनय महत्वपूर्ण होता है।

अभिनय के महत्व का वर्णन —

⇒ कुशल अभिनय ही फिल्म के प्राण के समान है।

⇒ फिल्म की सफलता के लिए अभिनय सबसे महत्वपूर्ण तत्व है।

Do Not Write anything in this Portion

Paper Code



⇒ अच्छी कहानी भी कुशल अभिनय के बिना बेकार हो जाती है।

⇒ यदि कहानी तेल है तो अभिनय उससे होता हुआ प्रकाश

⇒ ~~अ~~कुशल अभिनेता कम सुगठित पटकथा को भी सफल कर देते हैं।

⇒ अभिनय के माध्यम से दर्शकों से जुड़ाव एवं भावनात्मक सम्बंध स्थापित होता है।

⇒ कहानी का तारतम्य एवं प्रवाह अभिनय [illegible]का होता है।

इस प्रकार अभिनय कहानी या फिल्म का सबसे महत्वपूर्ण भाग होता है।

# खण्ड-ब

## (5)

## उद्योग के रूप में हिंदी सिनेमा की विवेचना –

हिंदी सिनेमा जिसे बॉलीवुड भी कहा जाता है, को [illegible] इंडस्ट्री या उद्योग का दर्जा [illegible] है।

यह एक सफल उद्योग की श्रेणी में स्थापित एवं प्रख्यात है; जिसे कई पूंजीपति या अमीर निवेश एवं लाभ के उद्देश्य से प्रयोग भी करते हैं।

हिंदी सिनेमा के उद्योग रूप के तत्व इस प्रकार हैं —

## बंबई नगरी / फैक्ट्री –

हिंदी सिनेमा की केंद्र नगरी का हाल फैक्ट्री सेंटर के समान है। उत्पादन और लाभ का चक्र तेज गति पकड़े हुए है।

Do Not Write anything in this Portion

Do Not Write anything in this Portion

Paper Code



## कपड़ों का बाजार –

पूरे देश के कपड़ों का बाजार हिंदी सिनेमा से सीधे तौर प्रभावित होता है।

## फैशन / सौंदर्य उत्पादों का केंद्र –

फास्ट फैशन और सौंदर्य उत्पादों का अरबों-खरबों का उद्योग सिनेमा के अभिनेत्रियों की चलन शक्ति तथा दिखावेबाजी से खूब फलता फूलता है।

## विज्ञापन का बाजार –

विज्ञापन के नाम पर चैनल एवं फिल्मों के बीच करोड़ों के खरीद-बेच होते हैं।

## सिनेस्टार –

सिनेमा के सुपर-स्टार इस उद्योग से अरबपति बन कर अब व्यवसायों में रुख कर चुके हैं।

Paper Code



Do Not Write anything in this Portion

## सेट मेकिंग का व्यापार -

सेट मेकिंग का व्यापार बड़ा ही खर्चीला है। यही सेट भारतीय समाज की शादियो में भी व्यापार करते हैं।

## मेकअप - हेयर सहायक -

मेकअप और हेयर सहायकों की फौज बड़ी संख्या में खड़ी हो गयी है। रोजगार के एक अच्छे स्रोत के रूप में यह सामने आती है।

## टिकट एवं टूरिज्म आकर्षण

टिकट कलेक्शन तो कई करोड़ों का होता ही है साथ फिल्मों के दृश्य या कहानी [illegible] को भी खूब आकर्षित करते हैं।

## ओटीटी की शुरुआत -

ओटीटी प्लेटफार्म भी हिंदी सिनेमा से खूब व्यापार कर रहे हैं। जहाँ

Paper Code

18

इसको हर महीने अमेज़ॉन, नेटफ्लिक्स, सोनी लिव सब्सक्रिप्शन के माध्यम धन व्यापन कर लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

फिल्म उद्योग के हजारों करोड़ के इस उद्योग से अर्थव्यवस्था को भी गति मिलती है।

Do Not Write anything in this Portion

# खण्ड - स

## (6)

## 'भूमण्डलीकरण' एवं हिंदी सिनेमा पर प्रभाव -

भौतिक दूरी के समापन से जब देश के मध्य दूरियाँ सिमट गयी हैं, तब यह सकल्पना 'ग्लोबल विलेज'/ भूमण्डलीकरण का रूप लेकर आती है।

**मजबूत कहानी की माँग-**

भूमण्डलीकरण एवं इण्टरनेट से आज सबको अच्छी कहानी देखने की इच्छा एवं दबाव फिल्म निर्माताओं पर है।

**बेहतर स्क्रीनप्ले -**

बेहतर स्क्रीनप्ले भूमंडलीकरण की देन है।

Do not write anything in this Portion

Do Not Write anything in this Portion



**वी. एफ. एक्स. -**

अंतर्राष्ट्रीय स्तर के साथ वी.एफ. एक्स. की तुलना हिंदी सिनेमा पर है।

**कुशल अभिनय -**

अभिनेताओं को भी अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों के साथ तोला जाता है।

**महंगा बजट -** फिल्मों का बजट और महंगा तथा विशाल होता जा रहा है।

**अश्लीलता -** इन सब के साथ पाश्चात्य संस्कृति की अश्लीलता भी समाज में फैल रही है। नारियों की नग्नता का प्रचलन अधिक हुआ है।

## बाजारवाद –

पूँजीवाद एवं बाजारवाद का अधिक ध्यान है, समाज की नैतिक दशा का कम सिनेमा पर।

## सामाजिक परिवर्तन –

सामाजिक संरचना एवं आयामों में परिवर्तन भी भूमण्डलीकरण की देन है। हिंदी सिनेमा भी समाज का बदला रूप चित्रित कर रहा है।

भू-मण्डलीकरण के कारण जो समाज नारी-मुख का दर्शक था, वह अब नारी-देह को फिल्म समझता था। सामाजिक दौर में भी ऐसी स्थिति स्वतन्त्रता का द्योतक मानी जाती है। समय के

Do Not Write anything in this Portion

Paper Code

22

साथ प्रभाव एवं परिवर्तन तो है पर वह सकारात्मक होना चाहिए।

" कैमरा मनुष्य की आँख से अधिक ईमानदार होता है।"

— जॉन फोर्ड

Paper Code

Do Not Write anything in this Portion

Paper Code



Hindi
Room No. 5
(5)